## संपादकीय

# बिगड़ते हुए शहर

अफसोस की बात है कि दुनिया के अच्छे शहरों की गिनती में हमारे शहर कहीं नहीं ठहरते बल्कि उनकी हालत और खराब हुई है। अच्छे शहरों से आशय रहने लायक शहरों से है। इकनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) के ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2019 में दिल्ली इस साल छह स्थान फिसलकर 118वें नंबर पर और मुंबई दो मुकाम नीचे आकर 119 वें नंबर पर पहुंच गया है। दिल्ली की रैंक इसलिए गिरी क्योंकि बीते एक साल में यहां अपराध और वायु प्रदूषण बढ़ा है। मुंबई को संस्कृति और पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले साल से कमजोर आंका गया।

ईआईयू के इस सूचकांक में शहरों को पांच प्रमुख मानदंडों के आधार पर परखा जाता है- स्थिरता, संस्कृति व पर्यावरण, हेल्थकेयर, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर। 140 देशों की इस सूची में ऑस्ट्रिया का वियना पहले नंबर पर है। शीर्ष 10 शहरों में ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के तीन-तीन शहर शामिल हैं। सूची के आखिरी दस शहरों में बांग्लादेश की राजधानी ढाका नीचे से तीसरे यानी 138वें और पाकिस्तान का कराची 136वें नंबर पर है।

यह सूचकांक हमारी विकास प्रक्रिया पर एक बड़े प्रश्नचिह्न जैसा है। आधुनिक युग में डिवेलपमेंट की एक बड़ी कसौटी शहर भी हैं। रहने लायक शहर एक देश की आर्थिक हैसियत के साथ-साथ सक्षम शासन तंत्र और उन्नत नागरिक समाज के प्रतीक भी होते हैं। अच्छे शहरीकरण के लिए यह जरूरी है कि वह योजनाबद्ध हो। उसमें नागरिकों को कामकाज की सुविधा और जीवन की तमाम सहूलियतें मिलें, जैसे बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य। आज के दौर में अच्छे स्वास्थ्य के लिए शहर का प्रदूषण मुक्त होना जरूरी है। साथ ही नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा और अपनी मर्जी का जीवन जीने की आजादी मिलनी चाहिए।

भारत में शहरीकरण अनायास और अराजक तरीके से हुआ। विकास का विकेंद्रीकरण नहीं हो सका, इसलिए लोग रोजी-रोटी के लिए बड़े शहरों की तरफ भागे। इस तरह जनसंख्या का बोझ शहरों पर बढ़ता गया। बढ़ती जनसंख्या के हिसाब से तमाम व्यवस्थाएं बनती गईं लेकिन उनमें सुरुचिपूर्ण दृष्टि का अभाव रहा। जाहिर है, एक अच्छा शहर विकसित न हो पाने के पीछे विकासशील होने की मजबूरी भी काम कर रही है।

पर अगर हम दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहते हैं और एक विकसित राष्ट्र होने का सपना देखते हैं तो हमें अपने शहरों को व्यवस्थित करना ही होगा। विदेशी पूंजी और प्रतिभा का लाभ हम तभी ले पाएंगे। अन्य देशों के छात्र, शिक्षक और तकनीकी विशेषज्ञ हमारे यहां आने को तभी प्रेरित होंगे। पिछले कुछ समय से स्मार्ट सिटी बनाने की बात चल रही है लेकिन अभी तक यह अवधारणाओं में ही सीमित है। इसे जमीन पर उतारने में वक्त लगेगा लेकिन अपने शहरों की हवा और माहौल सुधारने में हमें ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए।

# आर्थिक आँकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजारों में गत सप्ताह रही गिरावट के बाद आगामी सप्ताह में महँगाई समेत कई महत्त्वपूर्ण आर्थिक आँकड़ों से निवेशकों का रुख और बाजार की दिशा तय होगी।

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के कमजोर आँकड़ों के कारण बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 351.02 अंक यानी 0.94 प्रतिशत लुढ़ककर 36,981.77 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.05 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 10,946.20 अंक



पर आ गया।

आने वाले सप्ताह में खुदरा और थोक महँगाई, औद्योगिक उत्पादन और आयात-निर्यात के आँकड़े जारी होने वाले हैं। निवेशकों की नजर इन सभी आँकड़ों पर अवश्य रहेगी। इसके साथ ही विदेशी बाजारों का असर भी स्थानीय बाजार पर दिख सकता है। मंगलवार को मुहर्रम की छुट्टी के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार होगा।

बीते सप्ताह सोमवार को गणेश चतुर्थी का अवकाश होने के कारण शेयर बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। इनमें मंगलवार और गुरुवार को गिरावट रही जबकि शेष दो दिन बढ़त के रहे। मझौली कंपनियों का सूचकांक मिडकैप 0.76 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में और छोटी कंपनियों का सूचकांक स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा।

बाजार में सबसे बड़ी गिरावट पहले कारोबारी दिवस पर मंगलवार को दर्ज की गयी। कमजोर आर्थिक आँकड़ों के दबाव में निवेशकों का विश्वास डगमगाने से घरेलू शेयर बाजार में हाहाकार मच गया और चौतरफा बिकवाली के बीच सेंसेक्स 769.88 अंक यानी 2.06 प्रतिशत का गोता लगाकर 36,562.91 अंक पर बंद हुआ। यह बजट के बाद 08 जुलाई (792.82 अंक) के बाद सेंसेक्स की सबसे बड़ी गिरावट थी। निफ्टी भी 225.35 अंक यानी 2.04 प्रतिशत लुढ़ककर 10,797.90 अंक पर बंद हुआ।

# एअर इंडिया को छह हवाई अड्डों पर विमान ईंधन की आपूर्ति फिर से शुरू

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने धन की कमी से जूझ रही एअर इंडिया को छह हवाई अड्डों पर विमान ईंधन (एटीएफ) की आपूर्ति शनिवार को फिर से शुरू कर दी। सरकार ने तेल कंपनियों और एअर इंडिया के बीच वार्ता में मध्यस्थता की है, जिसके बाद तेल कंपनियों ने यह कदम उठाया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि एअर इंडिया को विमान ईंधन की आपूर्ति शनिवार शाम से शुरू कर दी गई है। प्रवक्ता ने इस सप्ताह की शुरुआत में बातचीत में हुए समझौते से जुड़ी जानकारियों देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया भविष्य की



एटीएफ खरीद का भुगतान करने की शर्त पर सहमत हो गई है। पिछले महीने इंडियन ऑयल और दो अन्य तेल कंपनियों ने पुणे, विशाखापत्तनम, कोच्चि, पटना, रांची और मोहाली में एअर इंडिया को विमान ईंधन उपलब्ध कराने पर रोक लगा दी थी। इसकी वजह एअर इंडिया पर ईंधन का करीब 5,000 करोड़ रुपये का बकाया होना है।

# पेटीएम ऐप पर किसी भी क्यूआर कोड से यूपीआई भुगतान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** डिजिटल भुगतान कंपनी पेटीएम ने अपने उपभोक्ताओं को किसी भी भुगतान प्लेटफॉर्म के क्यूआर कोड के माध्यम से यूपीआई भुगतान करने की सुविधा प्रदान की है।




पेटीएम ने रविवार को यहां जारी बयान में कहा कि वह ऑफलाइन रिटेल स्टोर पर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रयासरत है और अब इसी कड़ी में उपभोक्ताओं को भीम यूपीआई, गूगल पे जैसे भुगतान प्लेटफॉर्म के क्यूआर कोड को स्कैन कर भुगतान किया जा सकता है।

उसने कहा कि इसके लिए ऐप पर एक क्विक गाइड भी दिया गया है जिसमें क्यूआर कोड स्कैनर के उपयोग से लेकर यूपीआई भुगतान तक के बारे में बताया गया है।

# जमैटो ने की 540 कर्मचारियों की छंटनी

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी जमैटो ने 540 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने यह कदम ऑटोमेशन की वजह से उठाया है। शनिवार को कंपनी ने एक बयान जारी कर बताया कि पिछले कुछ महीनों के दौरान सपॉर्ट फंक्शन्स में बड़े पैमाने पर ऑटोमेशन हुआ है, जो कर्मचारियों की छटंनी की बड़ी वजह है।

गुड़गाव बेस्ड जमैटो ने कस्टमर्स के लिए सपॉर्ट टीम, मर्चेंट्स और डिलिवरी पार्टनर्स में से दो महीनों के भीतर 540 लोगों को निकाल दिया। कंपनी का कहना है, हमारे टेक्नॉलजी प्रॉडक्ट्स और प्लैटफॉर्म में अच्छा सुधार हुआ है और कारोबार भी लगातार बढ़ रहा है। इसकी वजह से डायरेक्ट ऑर्डर संबंधी सपॉर्ट क्वेरीज कम हुई हैं। सर्विस से जुड़ी समस्याएं सुलझाने में हमारी रफ्तार बढ़ी है। कंपनी के मुताबिक, अब हमारे सिर्फ 7.5 फीसदी ऑर्डरों के लिए सपॉर्ट की जरूरत होती है, जो मार्च में 15त्र थी। अब ज्यादातर शिकायतें चाबॉट द्वारा सुलझा ली जाती हैं, जिसकी वजह




से स्पीड बढ़ी है और कस्टमर सर्विस की क्वॉलिटी भी।

जमैटो का कहना है कि 10त्र स्टाफ की छंटनी करने का फैसला लेना इतना आसान नहीं था। निकाले जाने वाले कर्मचारियों को कंपनी 2-4 महीने का बर्खास्तगी वेतन दे रही है, जो उनके कार्यकाल के मुताबिक होगा और साथ ही ने जॉब्स तलाश करने में उनकी मदद भी कर रही है।

# केजी-डी6 की नयी गैस के लिए न्यूनतम 5.4 डॉलर की कीमत चाहती है रिलायंस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज बंगाल की खाड़ी के ब्लॉक केजी-डी6 के नए क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए न्यूनतम 5.4 डॉलर प्रति इकाई की न्यूनतम कीमत चाहती है। सरकार की नीतियों से तालमेल के लिए कंपनी ने मानदंडों में बदलाव किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी भागीदार ब्रिटेन की बीपी पीएलसी ने इस नयी गैस के संभावित प्रयोगकर्ताओं से बोलियां मांगी हैं। बोली दस्तावेज के अनुसार कंपनी की 2020 की दूसरी तिमाही से केजी-डी6 ब्लॉक के आर क्लस्टर क्षेत्र से प्रतिदिन 50 लाख घनमीटर प्राकृतिक गैस उत्पादन की योजना है। बोली लगाने वाली कंपनियों को मूल्य, आपूर्ति की अवधि तथा गैस की मात्रा के बारे में




बताने को कहा गया है। यह कीमत दिनांकित ब्रेंट कच्चे तेल की दर के प्रतिशत में बतानी होगी। दिनांकित ब्रेंट से तात्पर्य अनुबंध के महीने जिसमें गैस की आपूर्ति की गई है, से पहले के तीन कैलेंडर महीनों के प्रकाशित ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों के औसत से है।

# बीसीसीआई का कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने पर कार्तिक ने बिना शर्त माफी मांगी

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे दिनेश कार्तिक ने बॉलिवुड स्टार शाहरुख खान के मालिकाना हक वाली टीम ट्रिनबैगो नाइटराइडर्स के ड्रेसिंग रूम से कैरेबियाई




प्रीमियर लीग का मैच देखकर बीसीसीआई के केंद्रीय कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन करने पर 'बिना शर्त माफी ' मांग ली है। कार्तिक आईपीएल की कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के कप्तान हैं।

कार्तिक ड्रेसिंग रूम में ट्रिनबैगो की जर्सी में मैच देखते नजर आए। बीसीसीआई ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा कि उनका केंद्रीय अनुबंध रद्द क्यो नहीं कर दिया जाए। कार्तिक ने अपने जवाब में कहा कि वह कोच ब्रेंडन मैकलम के अनुरोध पर पोर्ट ऑफ स्पेन गए थे और उनके कहने पर ही टीकेआर की जर्सी पहनकर मैच देखा।

कार्तिक ने पत्र में लिखा, 'मैं इस यात्रा से पहले बीसीसीआई से अनुमति नहीं लेने के लिए बिना शर्त माफी मांगता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं दोहराना चाहता हूं कि मैंने टीकेआर की किसी गतिविधि में भाग नहीं लिया ओर ना ही कोई भूमिका निभाई।' उन्होंने आश्वासन दिया कि बाकी मैचों में वह टीकेआर के ड्रेसिंग रूम में नहीं बैठेंगे।

# आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का अंतिम कार्यक्रम घोषित

**दुबई।** आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के अंतिम कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। थाईलैंड और बांग्लादेश के रविवार को टूर्नमेंट के लिए चॉलिफाइ करने के साथ ही इस वैश्विक फ्लैगशिप टूर्नमेंट में हिस्सा लेने वाले सभी देशों के नाम तय हो गए हैं।



बांग्लादेश की महिला टीम ने स्कॉटलैंड में आयोजित चॉलिफाइंग इवेंट में जीत हासिल की और अब वह विश्व कप के लिए ग्रुप-ए में रखी गई हैं। इस ग्रुप में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमें हैं। दूसरी ओर, 12 साल पहले अपना पहला इंटरनैशनल मैच खेलने वाली थाइलैंड की टीम ने विश्व कप के लिए चॉलिफाइ करके इतिहास रच दिया।

इस टीम को ग्रुप-बी में इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। आईसीसी विश्व कप 2020 लोकल आर्गनाइजिंग कमिटी के सीईओ निक हाक्ले ने अपने बयान में कहा, 'हम ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस वैश्विक आयोजन में बांग्लादेश और थाइलैंड का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी टीमों को ऑस्ट्रेलिया में भरपूर प्यार और समर्थन मिलेगा।'

थाइलैंड की टीम चॉलिफाइंग टूर्नमेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रही लेकिन उसे बांग्लादेश के हाथों 70 रनों से हार मिली। अब थाई टीम अपने पहले मैच में 22 फरवरी को वेस्ट इंडीज का सामना करेगी।

दूसरी ओर, बांग्लादेश टीम का सामना मौजूदा चैंपियन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह मैच 27 फरवरी को खेला जाएगा। वेस्ट इंडीज में 2018 में आयोजित पिछले टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीमों में से शीर्ष-8 टीमों को अगले विश्व कप के लिए ऑटोमैटिक क्वॉलिफिकेशन मिला था।

## आज का राशिफल

*मेषः-* आज मेष राशि वालों की धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी। मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा आपके लिए लाभकारी रहेगी। मित्रों के साथ पार्टी, पिकनिक का आयोजन कर सकते हैं।

*वृषभः-* आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें, सुनी-सुनाई बात पर विश्वास न करें। हाथ में लिए हुए कार्य समय पर पूरा न होने पर हताशा अनुभव कर सकते हैं।

*मिथुनः-* अगर कोई नया रोजगार शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें, सफलता अवश्य मिलेगी। अविवाहितों के विवाह की बात आगे बढ़ेगी।

*कर्कः-* आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज संघर्ष के बाद सफलता अवश्य मिलेगी। कोई नया ऑर्डर अथवा कॉन्ट्रैक्ट मिलने की संभावना है।

*सिंहः-* आज कारोबार सामान्य रहेगा। मित्रों के साथ मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है। आज आपको अपनी प्रतिभा का लाभ मिलेगा और आपकी पहचान बनेगी, नई योजनाएं लाभ देंगी।

*कन्याः-* आज कोई नया कार्य न करें, नुकसान की आशंका है। जोखिमपूर्ण निवेश करने से बचें। पूरे दिन किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, क्रोध पर नियंत्रण रखें। संतान से संबंधित कुछ परेशानी हो सकती है।

*तुलाः-* आज पराक्रम में वृद्धि का दिन है। आज आपका मनोबल बढ़ेगा और इससे कारोबार में बेहतरी आएगी। नए संपर्क बनेंगे और लाभकारी रहेंगे। जीवन में अधिक गंभीरता का अनुभव करेंगे।

*वृश्चिकः-* लेन-देन के कार्यों में सावधान रहें, धन निवेश करते समय सावधानी बरतें। आज किसी को उधार न दें, क्योंकि आज दिए हुए धन के वापस आने की संभावना कम है।

*धनुः-* आज प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के अवसर दिखाई दे रहे हैं।

*मकरः-* आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। खर्च की अधिकता हो सकती है। किसी न किसी कारण से अनावश्यक खर्च हो सकता है। व्यर्थ की यात्रा हो सकती है।

*कुंभः-* आज आपकी आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी। धन लाभ होगा और जोखिमपूर्ण निवेश करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। आमोद-प्रमोद में आपका दिन व्यतीत होगा।

*मीनः-* आज आपका सितारा अनुकूल है। लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। कामकाज में आ रहीं बाधाएं दूर होंगी। किसी नए व्यक्ति का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश भी कर सकते हैं, लाभ होगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जा सकते हैं।

## खसखस का हलवा बनाने की विधि...

**सामग्रीः**

खसखस - 3/4 कप ( 100 ग्राम)
चीनी - 3/4 कप (100 ग्राम)
दूध - 1 कप (250 ग्राम)
देसी घी - 1/3 कप (70 ग्राम)
छोटी इलाइची - 4-5
बादाम - 5-6



**विधि :**

खसखस को साफ करके 4-5 घंटे के लिए पानी में भिगो दें. भीगी हुई खसखस में से फालतू पानी निकाल दें और जितनी ज़रूरत हो उतना दूध या पानी डालते हुए इसे बारीक पीस लें।अब बादाम को पतला-पतला काट लें और इलायची को छील कर पाउडर बन लें।अब एक कढ़ाई में आधा घी(ज़रूरत के अनुसार) गर्म करके उसमें पिसा हुआ खसखस डालकर रंग बदलने तक और हल्की खुशबू आने तक भूनें। ज़रूरत लगे तो और घी डाल लें और फिर खसखस को अच्छे से भून कर किसी अलग बर्तन में निकाल लें।अब एक पैन में चीनी और दूध डाल लें। इन्हें चीनी घुलने तक पकाएं और फिर इसमें भुना हुआ खसखस डाल कर गाढ़ा होने तक हिलाते हुए पकाएं।तैयार होने पर इलायची पाउडर मिला कर हलवे को प्लेट में निकाल लें और बादाम से सजा कर परोसें और मज़े से खाएं।खसखस के हलवे को फ्रिज़ में रखकर 7 दिनों तक खाया जा सकता है।


## शब्द सामर्थ्य- 80

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 79 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तीं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू- 80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 79 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |